१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

शांति सेवा न्याय



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूजलेटर

सितंबर 2022

संदेश



संजय अरोड़ा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

दिनांकः 31 अगस्त, 2022

नमस्कार!

दिल्ली पुलिस के मेरे सभी सहकर्मियों...आपका नेतृत्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बीते 75 वर्षों में दिल्ली पुलिस देश में हुए कई ऐतिहासिक बदलाव और घटनाक्रम की साक्षी रही है। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में आई हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना कर अन्य राजकीय पुलिस बलों के लिए मिसाल कायम की है। अपने अथक परिश्रम से दिल्ली पुलिस ने न केवल राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों का अटूट प्रेम, विश्वास और सम्मान प्राप्त किया है बल्कि देश के सभी पुलिस बलों के बीच अपनी गरिमामयी उपस्थिति भी दर्ज की है।

यह माह हम सभी के लिए अत्यंत विशेष रहा। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 13 से 15 अगस्त तक न केवल दिल्ली बल्कि पूरा देश 'तिरंगामय' रहा। तिरंगे से ताकत एवं प्रेरणा लेते हुए दिल्ली पुलिस राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे रही है। इस दौरान चले 'हर घर तिरंगा' अभियान में देश के साथ दिल्ली पुलिस भी सहभागी बनी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुटी रही पूरी टीम बधाई की पात्र है।

विगत 30 अगस्त को पुलिस मुख्यालय में हमें माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का सानिध्य प्राप्त हुआ जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। उनके मार्गदर्शन में हम निरंतर बेहतर पुलिसिंग की ओर अग्रसर हैं।

जैसा कि सोशल मीडिया ने समाज में बड़े बदलाव की नींव रखी है। सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली–वासियों तक पहुंचने का एक बेहतरीन माध्यम ट्विटर है। इस माह ट्विटर पर दिल्ली पुलिस के फॉलोवर्स की संख्या का 08 लाख पार करना इस अकाउंट का जनता के साथ बढ़ते जुड़ाव को प्रमाणित करता है। दिल्ली पुलिस इस माध्यम का उपयोग करते हुए दिल्ली में विभिन्न विषयों पर जागरूकता फैला रही है।

चाहे आतंकवाद की चुनौती हो, अतिविशिष्ट लोगों की सुरक्षा हो, साइबर सुरक्षा/महिला सुरक्षा को लेकर की जा रही पहल हो या फिर यातायात से जुड़ी चुनौतियां, इन सभी पर दिल्ली पुलिस की टीम अनवरत उत्कृष्ट कार्य कर रही है।

तकनीक के इस दौर में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना बिना स्मार्ट पुलिसिंग के संभव नहीं है। हमारी टीम स्मार्ट पुलिसिंग के माध्यम से लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतर रही है। मुझे प्रसन्नता है कि समर्पण और अथक परिश्रम से आप सभी ने राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस 'दिल्ली पुलिस' को प्रतिष्ठा के नए पायदान पर पहुंचाया है।

दिल्ली–वासियों में सुरक्षा की भावना को बनाए रखने में आप सभी की सक्रियता और समर्पण सराहनीय है। जनसेवा और सुरक्षा के साथ ही त्याग और बलिदान से भरा दिल्ली पुलिस का इतिहास हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी मिलकर दिल्ली पुलिस की निरंतरता और गतिशीलता को बनाए रखेंगे।

जय हिंद



फोकस में

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का पुलिस मुख्यालय का दौरा



- माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने पुलिस मुख्यालय का दौरा कर जनवरी 2021 में अपनी मुख्यालय यात्रा के दौरान भविष्य की कार्ययोजना (एक्शन प्लान 2024) को लेकर दिए गए दिशा निर्देशों पर हुई प्रगति का मूल्यांकन किया।

- उन्होंने आगामी जी–20 समिट के दृष्टिगत प्रस्तावित सुरक्षा प्रबंधों और कार्ययोजना की भी समीक्षा की।

- माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों व पुलिस वार्ड्स को सम्मानित किया।





सुर्खियां



राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा को बनाए रखना और उसकी निगरानी करना हमारा कर्तव्य है।
स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोरा जी ने दिल्ली पुलिस की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने सहयोग व बेहतर समन्वय हेतु अन्य सुरक्षा एजेंसियों का भी आभार जताया।



'आजादी का अमृत महोत्सव' वर्ष में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत दिल्ली पुलिस के पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोरा जी ने तिरंगा यात्रा के साथ 75 वाहनों को हरी झंडी दिखाई। सभी 15 जिलों में एक साथ यह रैली शुरू हुई।

सुर्खियां



दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल जी ने दिल्ली पुलिस की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) इकाई का दौरा किया। इस इकाई में उनकी यह पहली यात्रा थी।
इस अवसर पर दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने माननीय उपराज्यपाल जी को आईएफएसओ के कार्य व इस यूनिट की भविष्य की कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया।

हमें यह साझा करते हुए बेहद गर्व व प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि शिमला में आयोजित हुए 10वें राष्ट्रीय पुलिस सम्मेलन के दौरान 'खाकी में महिलाओं की यात्रा' नाम से प्रदर्शनी में उत्तर पश्चिम जिला पुलिस (दिल्ली पुलिस) की ओर से चलाई जा रही 'तेजस्विनी' पहल को देशभर के शीर्ष पांच महिला सशक्तिकरण पहल में शामिल किया गया है।



सुर्खियां



'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' से 'इंडिया गेट' तक 'साइकिल रैली' का आयोजन किया गया, जिसमें 75 यातायात पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी तूलिका मान के साथ इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तुलिका दिल्ली पुलिस परिवार के एक सदस्य की बेटी हैं।







दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दक्षिण पश्चिम जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वसंत विहार थाने के कर्मचारियों के साथ जमीनी स्तर पर हो रहे कार्यों व उनके समक्ष आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर श्री अरोड़ा जी ने टीम की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया।

सुस्वागतम

संजय अरोड़ा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

विगत 01 अगस्त को तमिलनाडु कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के सीनियर अधिकारी श्री संजय अरोड़ा ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर पद का कार्यभार संभाला। दिल्ली पुलिस टीम द्वारा उनका स्वागत किया गया।









"दिल्ली पुलिस की समृद्ध विरासत राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बलिदानों से परिपूर्ण है। सर्वोच्च नागरिक सेवाओं भरी है। हम इस भावना को आगे बढ़ाएंगे और पुलिस व्यवस्था के नए मानक स्थापित करेंगे।"







माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान पूरे देश में मनाया गया। इस अभियान ने हर नागरिक को हमारे आन, बान व शान का प्रतीक 'तिरंगा' को पूरे गौरव के साथ अपने घरों में फहराने के लिए प्रेरित किया।

इस अभियान को आगे बढ़ाने में दिल्ली पुलिस ने अपना पूर्ण योगदान दिया।






Delhi Police @DelhiPolice · 42m
Our Tiranga is our pride & reflects a unique identity, tying all Indians together.
The man behind the Tricolour Flag is Indian Freedom Fighter, Shri Pingali Venkayya.
#HarGharTiranga #AmritMahotsav #TreasuredTirangaTales
@AmritMahotsav @MinOfCultureGoI @HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
Who is the man behind the Tricolour?
PINGALI VENKAYYA
2 August 1876 - 4 July 1963
Indian Freedom Fighter and the designer of the Indian National Flag


Delhi Police @DelhiPolice · 8m
भारत की गौरवगाथा का गान तिरंगा
हम सबके दिलों की जान तिरंगा
भारत के डिजु डिजाय का अभिमान तिरंगा
आजादी के उल्लास का अभिमान तिरंगा
#AmritMahotsav
#HarGharTiranga
@AmritMahotsav
@HMOIndia
Amrit Mahotsav @AmritMahotsav · 20h
Volume up !
The biggest patriotic song of the year, the HAR GHAR TIRANGA Anthem, OUT NOW!! An ode to the strength & grace of our Tiranga, this song is going to rekindle in you a sense of pride & love for the nation. (1/2)
#TirangaAnthem #AmritMahotsav #MainBharatHoon
Show this thread
Har Ghar Tiranga
Azadi Ka Amrit Mahotsav


Delhi Police @DelhiPolice · 48m
हमारा तिरंगा हमारी शान है।
तिरंगे का सम्मान हमारा कर्तव्य है।
#TreasuredTirangaTales
#HarGharTiranga #AmritMahotsav
@AmritMahotsav
@HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
क्या राष्ट्रध्वज का प्रयोग सजावट के तौर पर किया जा सकता है ?
नहीं, राष्ट्रध्वज का प्रयोग बंदनवार, फीता बनाने या किसी मेज या मंच को ढकने के लिए नहीं किया जा सकता है। ऐसा करना राष्ट्रध्वज का अपमान है। हमें अपने तिरंगे के गौरव को बनाए रखने के लिए हर हाल में प्रतिबद्ध रहना चाहिए।


Delhi Police @DelhiPolice · 1h
The National Flag is our pride. It signifies the legacy of our Nation.
#TreasuredTirangaTales
#HarGharTiranga #AmritMahotsav
@AmritMahotsav @HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
Is the use, display and hoisting of the National Flag guided by any overarching set of instructions?
Yes, the 'Flag Code of India 2002' and the Prevention of Insults to National Honour Act, 1971 lays down instructions on the use, display and hoisting of the National Flag.


Delhi Police @DelhiPolice · Aug 6
राष्ट्रध्वज हमारी संप्रभुता का प्रतीक है, अपने झंडे से जुड़ी रोचक जानकारी हम आपको #TreasuredTirangaTales के जरिए दे रहे हैं।
#HarGharTiranga #AmritMahotsav
@AmritMahotsav
@HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
क्या आप जानते हैं कि फ्लैग कोड को कितने भागों में बांटा गया है ?
फ्लैगकोड को 3 हिस्सों में बांटा गया है।
पहला भाग – राष्ट्रीय ध्वज का सामान्य विवरण
दूसरा भाग – आम नागरिक, निजी एवं शैक्षिक संस्थानों में झंडा फहराने से जुड़े नियम
तीसरा भाग – केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके संगठनों और अभिकरणों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के विषय में विवरण


Delhi Police @DelhiPolice · Aug 12
क्या आप जानते हैं, राष्ट्रध्वज तिरंगा में मौजूद तीनों रंगों का क्या मतलब है ?
#TreasuredTirangaTales
#HarGharTiranga
@AmritMahotsav
#TreasuredTirangaTales
क्या आप जानते हैं, राष्ट्रध्वज तिरंगा में मौजूद तीनों रंगों का क्या मतलब है?
राष्ट्रध्वज तिरंगा के शीर्ष पर स्थित केसरी रंग 'ताकत और साहस' का प्रतीक है, मध्य में सफेद रंग 'शांति और सच्चाई' का प्रतिनिधित्व करता है एवं ध्वज के नीचे स्थित हरा रंग 'भूमि की उर्वरता, वृद्धि और शुभता' का प्रतीक है।


Delhi Police @DelhiPolice · Aug 7
#TreasuredTirangaTales में हर दिन हम आपको अपने राष्ट्रध्वज के बारे में रोचक जानकारी दे रहे हैं।
#HarGharTiranga #AmritMahotsav
@AmritMahotsav
@HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
क्या आप जानते हैं कि हमारे तिरंगे को राष्ट्रध्वज कब घोषित किया गया ?
संविधान सभा द्वारा 22 जुलाई 1947 के दिन तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में मान्यता दी गई। इसी के बाद आजादी के दिन तिरंगे को फहराकर भारत ने आजादी का जश्न मनाया


Delhi Police @DelhiPolice · 27m
There is unity in diversity, and our National Flag is a celebration of it!
#HarGharTiranga
#TreasuredTirangaTales
@AmritMahotsav @HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
Can the National Flag be displayed at our homes?
As per paragraph 2.2 of the Flag Code of India, a member of the public, a private organization, or an educational institution may hoist/display the National Flag on all days or occasions in accordance with the dignity and honour of the National Flag


Delhi Police @DelhiPolice · Aug 13
संप्रभुता राष्ट्र की सशक्त पहचान है हमारा राष्ट्रध्वज।
#TreasuredTirangaTales के जरिए हम आपको दे रहे हैं अपने झंडे से जुड़ी रोचक जानकारी।
#HarGharTiranga #AmritMahotsav
@AmritMahotsav
@HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
दूसरे राष्ट्र के झंडे के साथ राष्ट्रध्वज को कैसे फहराएं ?
यदि राष्ट्रीय झंडा दूसरे राष्ट्र के झंडे के साथ एक सीधी पंक्ति में फहराया जाए तो उसे सबसे दाईं ओर रखा जाएगा, अर्थात, यदि कोई पर्यवेक्षक झंडों की पंक्ति के बीच में जनता की ओर मुख करके खड़ा हो तो राष्ट्रीय झंडा उसके बिल्कुल दाईं ओर होगा।


Delhi Police @DelhiPolice · Aug 9
हमारा तिरंगा हमारी शान है।
#TreasuredTirangaTales
#HarGharTiranga
@AmritMahotsav
@HMOIndia
#TreasuredTirangaTales
क्या आप जानते हैं कि, हमारे राष्ट्रध्वज में 24 तीलियों वाला चक्र कहां से लिया गया?
राष्ट्रध्वज तिरंगा में विद्यमान 24 तीलियों वाला चक्र, अशोक स्तंभ से लिया गया है। अशोक चक्र हमें निरंतर गतिमान रहने की प्रेरणा देता है। इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि 'गति में जीवन है और स्थायित्व में मृत्यु है'।


#TreasuredTirangaTales
What materials can be used to produce the National Flag?
The National Flag shall be made of handspun and handwoven or machine-made, cotton/polyester/wool/silk/khadi bunting.
The Flag Code of India, 2002 was amended vide Order dated 30th December, 2021 and National Flag made of polyester or machine made Flags were allowed.


Delhi Police @DelhiPolice · 9h
कैसे करें राष्ट्रध्वज का अभिवादन ,
#TreasuredTirangaTales
#HarGharTiranga
#TreasuredTirangaTales
कैसे करें राष्ट्रध्वज का अभिवादन ?
झंडे को फहराते समय और नीचे लाते समय सभी उपस्थित सभी लोगों को सावधान की मुद्रा में खड़े रहना चाहिए।
वर्दी पहने हुए व्यक्ति झंडे को नियमानुसार सलामी देंगे।
विशिष्ट व्यक्ति बिना हैट ड्रेस के भी झंडे का अभिवादन कर सकते हैं।





स्वतंत्रता दिवस

सुरक्षा की दृष्टि से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली पुलिस द्वारा कई कदम उठाए गए। मॉक ड्रिल कर किसी भी चुनौती से निपटने की पूरी तैयारी परखी गई। सोशल मीडिया पर 'दिल्ली पुलिस की आँख, कान बनें' कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया गया। चीनी मांझा के खतरे को लेकर जागरूकता फैलाई गई व इसके इस्तेमाल पर सख्त कार्रवाई भी की गई।







दिल्ली पुलिस के हीरो

सुरक्षित दिल्ली की सुरक्षा को और सुदृढ़ करने में योगदान देने वाले समाज के कुछ बेहतरीन लोगों व बहादुरी के लिए दिल्ली के जवानों को दिल्ली पुलिस सम्मानित करती है। ये लोग अपने त्वरित निर्णयों से सड़कों पर हो रहे अपराध को रोकने व अपराधियों को पकड़ने में अपना योगदान देते हैं।



जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग





दिल्ली पुलिस ने शांति, सेवा, न्याय के संकल्प को दोहराते हुए ऐतिहासिक 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 'हर घर तिरंगा अभियान' में हिस्सा लिया। पुलिस ने सभी जिलों में तिरंगे के साथ रैलियां निकालते हुए राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

नई दिल्ली

76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति के रंग में रंगा नई दिल्ली जिले का संसद मार्ग पुलिस स्टेशन



जिला डायरी

सामुदायिक पुलिसिंग

द्वारका

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत आतंकवादी हमलों के खिलाफ पुलिस की तैयारियों और बम निरोधक दस्ते की त्वरित प्रतिक्रिया की जाँच करने हेतु द्वारका जिले के वेगास मॉल में एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।





दक्षिण पूर्व

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत दक्षिण पूर्व जिले के डीसीपी और क्षेत्र के पुलिस थानों की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए पैदल गश्त किया।
सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। बम निरोधक दस्ते द्वारा लावारिस चीजों का निरीक्षण किया गया।

आयोजन

किस्सा खाकी का

ऑपरेशन क़तर



'किस्सा खाकी का' का **30वां संस्करण** क़तर जेल में कैद दो निर्दोष भारतीय नागरिकों की कहानी बताता है, जिन्हें दिल्ली पुलिस ने अपनी सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा से बाहर निकालकर भारत वापस लाई।

अपराधी गैंग का पर्दाफाश



'किस्सा खाकी का' का **31वां संस्करण** एक बहादुर महिला हेड कांस्टेबल की कहानी बताता है, जिसने श्ऑपरेशन अज्जूश के तहत एक कुख्यात अपराधी को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

फिरौती का पर्दाफाश



'किस्सा खाकी का' का **32वां संस्करण** तिहाड़ जेल से ₹50 लाख की फिरौती के लिए एक कॉल की कहानी से संबंधित है। पुलिस टीम ने फिरौती के इस पूरे खेल का पर्दाफाश किया।

सांसों के सौदागर



'किस्सा खाकी का' का **33वां संस्करण** कोरोना काल में जीवन रक्षक दवाओं और मेडिकल ऑक्सीजन की कालाबाजारी की कहानी से संबंधित है।
पुलिस टीम ने इस गोरखधंधे का खुलासा कर इस पर रोक लगाई।

आस्क मी एनीथिंग

इस बार दिल्ली पुलिस का इंटरैक्टिव ट्विटर लाइव 'आस्क मी एनीथिंग' सत्र दिल्ली पुलिस में भर्ती पर केंद्रित था।
इस दौरान डीसीपी सुमन नलवा (पीआरओ और विशेष शाखा) व सुकांत शैलजा बल्लभ, डीसीपी मुख्यालय–III ने इससे संबंधित तमाम सवालों के जवाब दिए।



दिल्ली पुलिस की गतिविधियां

दिल्ली पुलिस परिवार के सदस्यों द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' का जश्न मनाते हुए पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी केंद्र, मालवीय नगर में ध्वजारोहण किया गया। इस कार्यक्रम में हर आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया।





दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं की पहुंच सर्वसाधारण तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ पुलिस परिवार कल्याण सोसायटी द्वारा उपहार घर, नरेला का उद्घाटन किया गया।
अब रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं क्षेत्रवासियों के लिए सुलभ हैं। यह आसान कार्य नहीं था लेकिन रचनात्मक सोच के परिणामस्वरूप यह उपहार घर आज ग्राहक संतुष्टि का बेहतरीन परिचय दे रहा है।

शांति सेवा न्याय

संरक्षक

संजय अरोड़ा

पुलिस आयुक्त, दिल्ली

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (स्पेशल ब्रांच व पीआरओ)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली